# Learners' Academy, Bandra

## Preliminary Examination – 2007-08

**Std. X** **M. Marks - 80**

**Date : 07/01/08** **Hindi** **Time : 3 Hrs.**

*Answer to this paper must be written on the paper provided separately.*

*You will **not** be allowed to write during the first 15 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

*The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.*

*This paper comprises two Sections - **SectionA** and **Section B***
*Attempt **all** the questions from Section A.*
*Attempt any **four** questions from Section B, answering at least **one** question each from two books you have studied and **any two** other questions.*
*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [].*

### Section A (40 marks)

*Attempt **all** questions*

**Question 1** [15]

Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any **one** of the following topics :–

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए –

(i) किसी नगर का वर्णन कीजिए जो इतिहास की दृष्टि से प्रसिद्ध हो।

(ii) 'खेलों से व्यक्ति का शारीरिक व मानसिक विकास होता है तथा आजकल ये आर्थिक विकास के स्रोत भी हैं।' इन बातों को ध्यान में रखते हुए खेलों के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(iii) 'किशोरावस्था (Teenage) में बच्चों पर अंकुश' विषय के पक्ष या विपक्ष में किसी एक पर अपने विचार लिखिए।

(iv) 'विश्वास में बड़ी शक्ति है यह विश्वास चाहे किसी पर हो – स्वयं पर, मित्रों पर, या अपने आराध्य पर' – इस भाव को अभिव्यक्त करते हुए अपने जीवन का कोई अनुभव लिखिए।

(v) नीचे लिखी कहावत को आधार बनाकर एक मौलिक कहानी लिखिए –

"एक मछली पूरे तालाब को गंदा कर देती है।"

**Question 2** [7]

Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any **one** of the topics given below :–

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए –

(i) स्थानीय अस्पताल के मुख्य अधिकारी को पत्र लिखकर शिकायत कीजिए कि कई डॉक्टर समय पर नहीं आते। विशेषज्ञ तो विशेष रूप से मरीजों पर ज्यादा रौब गाँठते हैं। उनके व्यवहार में मानवता का पुट लाने का निवेदन कीजिए।

(ii) आपके माता-पिता को किसी कारणवश आपके प्रति गलतफहमी हो गई थी। उसका कारण बताते हुए अपने पिता को पत्र लिखिए और आपके व्यवहार में उन्हें जो त्रुटि दिखाई दी हो उसके लिए क्षमा माँगिए।

**Question 3**

Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible :–

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथा संभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :–

ज्यों-ज्यों अँधेरा बढ़ता था और सितारों की चमक तेज होती थी, मधुशाला की रौनक भी बढ़ती जाती थी। कोई गाता था, कोई डींग मारता था, कोई अपने संगी के गले लिपटा जाता था। कोई अपने दोस्त के मुँह में कुल्हड़ लगाए देता था।

वहाँ के वातावरण में सुरूर था, हवा में नशा। कितने तो यहाँ आकर एक चुल्लू में मस्त हो जाते थे। शराब से ज्यादा यहाँ की हवा उनपर नशा करती थी। जीवन की बाधाएँ यहाँ खींच लाती थीं और कुछ देर के लिए यह भूल जाते थे कि वे जीते हैं या मरते हैं या न जीते हैं, न मरते हैं।

और यह दोनों बाप-बेटे अब भी मजे ले-लेकर चुस्कियाँ ले रहे थे। सबकी निगाहें इनकी ओर जमी हुई थीं। दोनों कितने भाग्य के बली हैं। पूरी बोतल बीच में है।

भरपेट खाकर माधव ने बची हुई पूड़ियों का पत्तल उठाकर एक भिखारी को दे दिया, जो खड़ा इनकी ओर भूखी आँखों से देख रहा था; और देने के गौरव, आनन्द और उल्लास का अपने जीवन में पहली बार अनुभव किया।

घीसू ने कहा - ले जा, खूब खा और आशीर्वाद दे। जिसकी कमाई है, वह तो मर गई, मगर तेरा आशीर्वाद उसे जरूर पहुँचेगा। रोएँ-रोएँ से आशीर्वाद दो, बड़ी गाढ़ी कमाई के पैसे हैं।

माधव ने फिर आसमान की तरफ देखकर कहा - वह बैकुंठ जाएगी दादा, बैकुंठ की रानी बनेगी।

घीसू खड़ा हो गया और जैसे उल्लास की लहरों में तैरता हुआ बोला - हाँ बेटा, बैकुंठ में जाएगी। किसी को दबाया नहीं। मरते-मरते हमारी जिंदगी की सबसे बड़ी लालसा पूरी कर गई। वह न बैकुंठ जाएगी तो क्या ये मोटे-मोटे लोग जाएँगे, जो गरीबों को दोनों हाथों से लूटते हैं, और अपने पाप को धोने के लिए गंगा नहाते हैं, और मंदिरों में जल चढ़ाते हैं।

श्रद्धालुता का यह रंग तुरंत ही बदल गया। अस्थिरता नशे की खासियत है। दुख और निराशा का दौरा हुआ।

माधव बोला - मगर दादा, बेचारी ने जिन्दगी में बड़ा दुख भोगा है कितना दुख झेलकर मरी।

वह आँखों पर हाथ रखकर रोने लगा, चीखें मार-मारकर।

घीसू ने समझाया - क्यों रोता है बेटा, खुश हो कि वह मायाजाल से मुक्त हो गई, जंजाल से छूट गई। बड़ी भाग्यवान थी, जो इतनी जल्दी माया-मोह के बंधन तोड़ दिए।

(i) मधुशाला के वातावरण का वर्णन कीजिए। [2]

(ii) बाप बेटे कहाँ बैठे थे तथा क्या कर रहे थे ? [2]

(iii) माधव ने भिखारी को क्या दिया ? उस पर भिखारी की क्या प्रतिक्रिया थी ? [2]

(iv) दोनों किसके बारे में क्या बातें कर रहे थे ? [2]

(v) घीसू ने अपने पुत्र को क्या कहकर धीरज बँधाया ? समझाकर लिखिए। [2]

**Question 4**

Answer the following according to the instructions given :–

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए –

(i) नीचे लिखे शब्दों के हिन्दी में अर्थ लिखिए। (कोई दो) [1]

आशीर्वाद, बैकुंठ, अस्थिरता, खासियत

(ii) नीचे लिखे शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए। (कोई दो) [1]

भूखी, उल्लास, मुक्त, आसमान

(iii) नीचे लिखे शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए। [1]

भिखारी, आनंद

Theexampapers.com

(iv) निम्नलिखित मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए। [1]

(i) चंगुल मे फँसना, (ii) बाजी लगाना।

(v) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिए – [4]

(i) कुछ देर के लिए यह भूल जाते थे कि वे जीते हैं या मरते हैं।
(वे ......... से वाक्य का प्रारंभ कीजिए।)

(ii) बाप-बेटे अब भी मजे ले-लेकर चुस्कियाँ ले रहे थे।
(बाप-बेटे द्वारा-से वाक्य का प्रारंभ कीजिए।)

(iii) मरते-मरते हमारी जिन्दगी की सबसे बड़ी लालसा पूरी कर गई।
(उसने .......... से वाक्य का प्रारंभ कीजिए।)

(iv) वह आँखों पर हाथ रखकर रोने लगा, चीखें मार-मारकर।
(संयुक्त वाक्य में बदलिए)

## Section B (40 marks)

*Attempt any **four** questions from Section B.*
*You must answer at least **one** question each from **two** books you have studied and **any two** other questions.*

## कथा मंजूषा

**Question 5**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :–
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए –

मेरा जवाब सुनकर वह कुछ उदास-सा हो गया। खामोशी के साथ उसने एक बार मेरे मुँह की ओर स्थिर दृष्टि से देखा; फिर "सलाम बाबू साहब" कहकर दरवाजे के बाहर निकल गया।

**काबुलीवाला/रवींद्रनाथ टैगोर**

(i) लेखक का क्या जवाब था और कब दिया था? [2]

(ii) लेखक के जवाब का आगन्तुक पर क्या असर पड़ा? वह वापस क्यों लौटा? [2]

(iii) आगन्तुक ने लेखक को किस सत्य से अवगत कराया? समझाइए। [3]

(iv) कहानी के आधार पर मानव-स्वभाव पर प्रकाश डालिए। [3]

## Question 6

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :–

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए –

सोचा था, वहाँ देहात में एकाग्र होकर खूब पढ़ेंगे, पर यहाँ सारा दिन सैर-सपाटे में कट जाता था।

**नशा/ मुंशी प्रेमचंद**

(i) लेखक ने क्या सोचा था ? कब और क्यों ? [2]

(ii) लेखक इस समय कहाँ पर है ? उसका दिन कैसे बीत रहा है ? [2]

(iii) लेखक के मित्र ने लेखक को गाँधी-भक्त क्यों कहा था और कब ? [3]

(iv) कहानी के संदेश को स्पष्ट कीजिए। [3]

## Question 7

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :–

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए –

क्षण भर के लिए मास्टर साहब को प्रतीत हुआ, जैसे वे स्वयं निष्प्राण हो गए हैं, उनके हृदय की संपूर्ण अनुभूति सन्न होकर एकदम निष्क्रिय बन गई है। परंतु अभी तो मास्टर साहब ने सभी कुछ नहीं देखा। उनकी पोती निम्मो कहाँ है ?

**मास्टर साहब/ चंद्रगुप्त विद्यालंकार**

(i) क्षण भर के लिए मास्टर साहब को कैसा प्रतीत हुआ और कब ? [2]

(ii) निम्मो का संदर्भ स्पष्ट कीजिए ? उसके लिए मास्टर साहब ने क्या निश्चय किया ? [2]

(iii) मास्टर साहब का चरित्र-चित्रण कीजिए। [3]

(iv) प्रस्तुत कथा में लेखक ने किस घटना को चित्रित किया है ? उसकी संक्षिप्त जानकारी दीजिए। [3]

# एकांकी सुमन

## Question 8

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :–

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए –

घर की दीवारों के तुम बंदी नहीं होना चाहते। तुम्हें चाहिए खुला आकाश, पर खुला आकाश कहाँ नहीं है ? इधर-उधर सब ओर खुला आकाश दिखाई देता है इसलिए तुम वहाँ भी एकरसता से ऊब जाते

हो और फिर घर की ओर भागते हो! कभी तुमने समझने की चेष्टा की है, माँ-बाप के प्यार को समझने की। तुम लोग प्यार के हकदार तो होना चाहते हो पर ताड़ना के नहीं। सोचकर देखो, क्या ताड़नाएँ अकारण होती हैं? जो प्यार करेगा-दुलराएगा-क्या वह बुरे काम पर लताड़ेगा नहीं?

**भटकन / शैल रस्तोगी**

(i) वक्ता श्रोता को क्या सोचने के लिए कह रहा है और क्यों? [2]

(ii) प्यार व लताड़ जीवन को किस प्रकार प्रभावित करते हैं? [2]

(iii) घर के संदर्भ में श्रोता का क्या विचार है? घर को स्वस्थ एवं सुन्दर रूप देने में किन-किन बातों की आवश्यकता होती है? अपने विचार दीजिए। [3]

(iv) एकांकी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। [3]

**Question 9**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :–

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए –

मैं सरकार की प्रजा हूँ। प्रजा की रक्षा करना सरकार का फर्ज है..... ।

**सीमा रेखा / विष्णु प्रभाकर**

(i) वक्ता का संक्षिप्त परिचय दीजिए। [2]

(ii) 'सरकार और प्रजा एक दूसरे के पूरक हैं' – कैसे? स्पष्ट कीजिए। [2]

(iii) 'प्रजा की रक्षा करना सरकार का फर्ज है।'– इस कथन की सत्यता पर प्रकाश डालिए। [3]

(iv) श्रोता के आवेश का कारण क्या है? इस आधार पर उसका चरित्र-चित्रण कीजिए। [3]

**Question 10**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :–

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए –

क्या आप लोग मेरी सूरत नहीं देखते? क्या आपको इस पर कुछ लिखा दिखायी नहीं देता? शादी, शादी, शादी! क्या शादी ही दुनिया में सब कुछ है!

**लक्ष्मी का स्वागत / उपेन्द्रनाथ 'अश्क'**

(i) वक्ता कौन है? उसकी मनःस्थिति पर प्रकाश डालिए। [2]

(ii) 'शादी' का संदर्भ क्यों आया है? [2]

(iii) शादी का जीवन में महत्त्व समझाते हुए आज के संदर्भ में इसके स्वरूप को स्पष्ट कीजिए। [3]

(iv) प्रस्तुत कथन के आधार पर एकांकी के शीर्षक के औचित्य पर प्रकाश डालिए [3]

## काव्य चन्द्रिका

**Question 11**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :–

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए –

तुम तो हे प्रिय बंधु, स्वर्ग-सी सुखद, सकल विभवों की आकर।
धरा-शिरोमणि मातृ-भूमि में, धन्य हुए हो जीवन पाकर।
तुम जिसका जल-अन्न ग्रहणकर, बड़े हुए लेकर जिसकी रज।
तन रहते कैसे तज दोगे, उसको, हे वीरों के वंशज।

**स्वदेश प्रेम / रामनरेश त्रिपाठी**

(i) 'तुम तो हे प्रिय बंधु' से कवि का क्या तात्पर्य है? कवि क्या कह रहा है? [2]

(ii) 'धरा-शिरोमणि' किसे और क्यों कहा गया है? स्पष्ट कीजिए। [2]

(iii) कवि 'वीरों का वंशज' कहकर किस भाव को जागृत करना चाहता है? समझाकर उत्तर दीजिए। [3]

(iv) कविता में कवि ने मृत्यु का भय न मानने की प्रेरणा क्यों दी है? [3]

**Question 12**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :–

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए –

ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोइ।
अपना तन शीतल करे, औरन को सुख होइ।।
कस्तूरी कुंडलि बसे, मृग ढूँढे वन माँहि।
ऐसे घटि-घटि राम हैं, दुनियाँ देखे नाहि।।

कबिरा गरब न कीजिए, काल गहे करि केस।
न जानो कित मारिहै, क्या घर क्या परदेश।।

नीति के दोहे / कबीरदास

(i) कैसी वाणी बोलने की सलाह दी गई है और क्यों? [2]

(ii) 'गरब' का अर्थ क्या है? इसका संदर्भ स्पष्ट कीजिए। [2]

(iii) दुनिया किसे नहीं देख पाती है और क्यों? स्पष्ट कीजिए। [3]

(iv) कबीरदास जी का संक्षिप्त परिचय देकर उनकी निर्गुण विचारधारा पर प्रकाश डालिए। [3]

**Question 13**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :–

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए –

सहानुभूति चाहिए, महाविभूति है यही,
वशीकृता सदैव है बनी हुई स्वयं मही।
विरुद्धवाद बुद्ध का दया-प्रवाह में बहा,
पुनीत लोक वर्ग क्या न सामने झुका रहा।
अहा! वही उदार है परोपकार जो करे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।

मानवता / मैथिलीशरण गुप्त

(i) 'महाविभूति' का अर्थ देकर बताइए कि सहानुभूति को महाविभूति क्यों कहा गया है? [2]

(ii) 'विरुद्धवाद बुद्ध का दया-प्रवाह में बहा' का भाव स्पष्ट कीजिए। [2]

(iii) किसे उदार कहा गया है और कैसे? [3]

(iv) कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। [3]